भारत सरकार
अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 3183
उत्तर देने की तारीख : 11.03.2026

असम के जिलों में अल्पसंख्यक कल्याण योजनाओं का कार्यान्वयन

+3183. श्री अमरसिंग टिस्सो:

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान 'प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम' के अंतर्गत कार्बी आंगलोंग और दीमा हसाओ में लाभार्थियों की संख्या कितनी है और संवितरित की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त जिलों में उक्त योजना के अंतर्गत स्वीकृत अवसंरचना परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या उक्त जिलों का कोई प्रस्ताव सरकार के पास लंबित है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री
(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (ग): प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (PMJVK) अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की एक केंद्रीय प्रायोजित योजना है, जिसका उद्देश्य देशभर के अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में, सामुदायिक अवसंरचना का निर्माण करना है। यह योजना स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास, शिक्षा, महिला-केंद्रित परियोजनाएं, पेयजल आपूर्ति, स्वच्छता, खेल, नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यटन, पशुपालन तथा अन्य सामुदायिक अवसंरचना जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित है। योजना के अंतर्गत निर्मित अवसंरचना का लाभ अधिसूचित क्षेत्रों में रहने वाले अल्पसंख्यक समुदायों सहित पूरी आबादी के लिए है।

प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (PMJVK) एक मांग-आधारित योजना है, जिसके अंतर्गत संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासन से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर परियोजनाओं पर विचार किया जाता है तथा स्वीकृति दी जाती है। परियोजना प्रस्ताव संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा तैयार और प्रस्तुत किए जाते हैं।

पिछले पाँच वर्षों के दौरान PMJVK के अंतर्गत सरकार को असम राज्य के कार्बी आंगलोंग और दीमा हसाओ जिलों के लिए कोई परियोजना प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। तद्नुसार, इस अवधि के दौरान विशेष रूप से इन जिलों के लिए कोई अवसंरचना परियोजना स्वीकृत नहीं की गई और न ही कोई धनराशि जारी की गई है। इसके अतिरिक्त, वर्तमान में इन जिलों से संबंधित कोई प्रस्ताव सरकार के पास लंबित नहीं है।

तथापि, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (PMJVK) के अंतर्गत जिला-वार निधि आवंटन नहीं की जाती है। राज्य सरकार को स्वीकृत परियोजनाओं के आधार पर धनराशि जारी की जाती है। पिछले पाँच वर्षों के दौरान असम राज्य को PMJVK के अंतर्गत जारी की गई धनराशि का विवरण निम्नलिखित है:

वित्तीय वर्ष	जारी की गई निधि (लाख रूपए में)
2020-21	7148.95
2021-22	15999.31
2022-23	-
2023-24	-
2024-25	12900.00

अतः जबकि पिछले पाँच वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (PMJVK) के अंतर्गत असम राज्य को धनराशि जारी की गई है, उक्त अवधि के दौरान कार्बी आंगलोंग और दीमा हसाओ जिलों से संबंधित कोई विशिष्ट प्रस्ताव न सरकार को प्राप्त हुए, न ही किसी प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई और न ही कोई प्रस्ताव सरकार के पास लंबित है।

*****